तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 जुलाई 2025

10 एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कंट्रोलर को सौंपा ज्ञापन



10 देवीलाल चौक अंडरपास बंद होने से बढ़ी दिक्कत



## खबर संक्षेप

### हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर केस

**जींद।** सफीदों के नहर पुल पर हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रामपुरा निवासी इरशाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसका ममेरा भाई सद्दाम की गांव रामपुरा निवासी अजमुद्दीन से कहासुनी हो गई।

### चाकू मारकर एक व्यक्ति को किया घायल

**कैथल।** कस्बा राजोद में चाकू से हमला कर दो युवाओं ने एक व्यक्ति को घायल कर दिया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। राजोद के अरमान ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे कस्बा के ही जतिन और रितिक ने मिलकर उसे पर चाकू से हमला करते उसे घायल कर दिया। हेड कांस्टेबल बिंटू ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### बस की चपेट मे आने से व्यक्ति घायल

**जींद।** गांव दनौदा कलां के निकट तेजरफ्तार रोडवेज बस की चपेट में आने से सड़क पार कर रहा व्यक्ति घायल हो गया। जिसे नरवाना के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैथल डिपो की रोडवेज बस बुधवार सुबह चंडीगढ़ से हिसार जा रही थी। चालक बस को रॉग साइड पर ले गया।

### प्रवासी मजदूर की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल क्षेत्र जींद रोड़ पर स्थित एक खल मिल में मजदुरों के आपसी कहासुनी से गर्दन पर लोहे की रॉड मारकर हत्या करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस एसएचओ इंस्पेक्टर गीता देवी की टीम द्वारा करते आरोपी बेला खारा जिला रायबरेली यूपी निवासी गणेश को गिरफ्तार कर लिया गया।

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** जुलाना में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उससे वार्ड नंबर दो निवासी शंकर कहासुनी के चलते रंजिश रखे हुआ था। उसी रंजिश के चलते शंकर तथा दो अन्य ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### क्लीनिक से मोबाइल चोरी का आरोपी काबू

**कैथल।** दुकान से मोबाइल चोरी के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते खरंका निवासी गोपाल राम को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डोगरा गेट निवासी बीरबल सिंह की शिकायत अनुसार 25 जून को क्लीनीक में चार्ज पर लगा मोबाइल को अज्ञात चोरी कर ले गया था।

### गांव नगूरां पशु अस्पताल से सामान चोरी, केस दज

**जींद।** गांव नगूरां पशु अस्पताल का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर कंप्यूटर, लोहे का सामान समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पशु अस्पताल के चिकित्सक कृष्ण ने पुलिस को शिकायत दी है।

### चोरी के मामले में बेल जंपर गिरफ्तार

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश कुमार द्वारा रिक्शा रेहड़ी चोरी करने के मामले में उद्घघोषित अपराधी गांव खरंका निवासी आरोपी सुरजीत को गिरफ्तार कर लिया गया।

### इंतकाल, फर्द, रजिस्ट्री के काम अटके, बैंकों में भी कैश का लेन-देन प्रभावित

# जींद-कैथल में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का मिला जुला असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ट्रेड कर्मचारी यूनियनों के आह्वान पर बुधवार को सरकार की कर्मचारी व आमजन विरोधी नीतियों के रोष स्वरूप राष्ट्रव्यापी हडताल का मिला-जुला असर रहा। हालांकि रोडवेज बसों का चक्का जाम का भी आह्वान किया गया था लेकिन जींद में रोडवेज बसें सुचारू रूप से चली। कर्मचारी यूनियनों ने चक्का जाम नहीं कर केवल हड़ताल में शामिल होने का फैसला लिया। सुबह चार बजे रोडवेज कर्मचारी नेताओं ने बस अड्डे पर धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं पटवारी व कानूनगो एसोसिएशन ने काम छोड़ पूरी तरह से हड़ताल में भाग लेने का ऐलान किया। बैंकिंग सेवाओं पर भी हड़ताल का असर पड़ा। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने नौ जुलाई को किसी भी कर्मचारी को छुट्टी नहीं देने का लैटर निकाला हुआ है। इंतकाल, फर्द, रजिस्ट्री के काम अटकेः हड़ताल के कारण जमीन से संबंधित काम इंतकाल, फर्द, रजिस्ट्री के काम अटक गए तो वहीं बैंक में भी कैश का लेन-देन बंद रहा। हालांकि हालांकि रोडवेज बसों का चक्का जाम का भी आह्वान किया गया था लेकिन जींद में रोडवेज बसें सुचारू रूप से चल रही हैं। कर्मचारी यूनियनों ने चक्का जाम नहीं कर केवल हड़ताल में शामिल होने का फैसला लिया। तहसील जींद के 22 पटवारी हड़ताल पर रहे। दी रेवेन्यू पटवार कानूनगो एसोसिएशन राज्य कोषाध्यक्ष सन्नी डागर और जिला प्रधान सूबे सिंह, रविदत्त ने कहा कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल में पटवारी और कानूनगो पूरी तरह से शामिल हैं। इस कारण आम लोगों के काम अटक गए हैं। आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी वर्कर्स ने लघु सचिवालय के बाहर धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रोडवेज कर्मचारी नेता सुबह चार बजे नए बस स्टैंड पर एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद धरना शुरू कर दिया गया। राज्य स्तरीय रोडवेज कर्मचारी नेता अनूप लाठर ने कहा कि भारत बंद का आह्वान देश के 10 बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने मिलकर किया है। उनका कहना है कि सरकार सिर्फ बड़े कॉरपोरेट्स के हित में काम कर रही है जबकि आम आदमी की नौकरीए वेतन और सुविधाएं घटती जा रही हैं। साथ ही सरकार लेबर कानूनों को कमजोर करके यूनियनों की ताकत खत्म करना चाहती है। इसके अलावा सरकार की नीतियां कर्मचारियों और किसानों के भी खिलाफ हैं। रोडवेज में नई भर्तियां नहीं की जा रही। कर्मचारियों का पे ग्रेड नहीं बढ़ाया जा रहा। अनूप लाठर ने कहा कि वह हड़ताल में रहेंगे लेकिन रोडवेज बसों के चक्का जाम का फैसला उनकी यूनियन ने स्थगित कर दिया है। महाप्रबंधक राहुल जैन ने कहा कि डिपो से सौ प्रतिशत बसें अपने रूटों पर चल रही हैं। हमारी कोई भी बस न रोकी गई है और न ही टाइम मिस हुआ है। हड़ताल का जींद डिपो पर कोई असर नहीं है।




**जींद।** मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन करते संगठन। फोटो :हरिभूमि



मांगों को लेकर लघु सचिवालय के निकट धरना देते कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि।

### शहर में दिनभर चला धरने व प्रदर्शनों का दौर

सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि केंद्र की पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बाजार घाटे में है और बड़ी-बड़ी कम्पनियां आने से छोटे व्यापीरियों पर इसकी मार पड़ रही है। जींद शहर में ही दर्जनों मॉल खुल गए हैं। जिस कारण जींद के व्यापीरियों के काम पर बुरा असर पड़ा है। इसके अलावा ऑनलाइन खरीददारी ने भी काम चौपट किया। श्रम कानूनों को खत्म किया जा रहा है। वहीं दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के प्रधान सूबे पटवारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार कर्मचारियों के साथ किए जा रहे अत्याचार व उनके हकों के प्रति कुठाराघात किया जा रहा है।



**जींद।** बस अड्डा पर चल रही रोडवेज बसें। फोटो :हरिभूमि




**कैथल।** लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कामयाब रही राष्ट्रव्यापी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान सभी विभागों व बैंक बीमा के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में जवाहर पार्क में सभा करने के बाद जिला सचिवालय तक जोरदार प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण ने व संचालन जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि राज्य मे लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और के कर्मचारियों,परियोजना कर्मियों ,मजदूरों व आम मेहनतकश जनता की उपेक्षा के साथ-साथ लगातार वादाखिलाफी कर रही है, जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। एसकेएस ने राज्य सरकार को मांगपत्र भेजकर बातचीत से समाधान करने की अपील कर चुका है,लेकिन सरकार बातचीत से समाधान करना नही चहती ओर इससे कर्मचारियों,मजदूरों और परियोजना कर्मियों मे लगातार अक्रोश बढ रहा है। इस अवसर पर नगरपालिका,बिजली, पब्लिक हैल्थ, शिक्षा,वन, हेल्थ, सिंचाई, भवन निर्माण विभाग, पटवारी एवं कानूनगो,आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, टूरिज्म, बैंक व बीमा सहित सभी विभागों से हजारों की संख्या में कर्मचारी, मजदूर व परियोजना कर्मी मौजूद रही।




**कलायत।** प्रदर्शन करते कर्मचारी और विभिन्न संगठन। फोटो :हरिभूमि

### शहर में किया रोष प्रदर्शन, नारेबाजी

**कलायत।** देशभर के मेहनतकशों की 17 सूत्रीय मांगों और चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) की वापसी की मांग को लेकर बुधवार कल राष्ट्रव्यापी हड़ताल हुई। इसके तहत सभी विभागों के कर्मचारियों, मज़दूरों और किसानों ने हिस्सा लिया। इन्होंने पुरानी तहसील से कैंची चौंक, पुराने नगरपालिका कार्यालय होते हुए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तक शहर में नारों और बैनरों के साथ ज़ोरदार मार्च निकाला।इससे पहले बीडीपीओ कार्यालय के प्रांगण में एक रोष सभा का आयोजन किया गया। इसमें कामरेड सत्यवान, मा.कर्मबीर सिंह, पूनम, राजो देवी के पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल के साथ मंच संचालन सुरेश उचाना ने की। जनसभा को संबोधित करते अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य प्रधान मास्टर बलवीर सिंह एवं सीटू नेता सत्यवान ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारें मज़दूर-कर्मचारी व छोटे व्यापारियों के विरोध में नीतियां लागू कर रही हैं।

## निजीकरण पर रोक लगाई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों की राष्ट्र व्यापी हड़ताल के मौके पर हनुमान वाटिका कैथल में बड़ी संख्या में मजदूर व परियोजना वर्कर मजदूर संगठन सीटू के बैनर के नीचे एकजुट हुए,इस अवसर पर एक के बाद एक जत्थें वाटिका में पहुंचे। सबसे पहले शकुंतला, भावना ,रामभतेरी ,नीलम के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का जत्था पहुंचा। फिर आशा वर्कर बड़ी संख्या में नेताओं आशा मानस , सुमन पांचाल , मीना , सुषमा जडौला की अगुवाई में नारे लगाते हुए पहुंची। भोजन माताएं मिड डे मील वर्कर रितु क्योड़क , कविता ,किरण , जसबीर कौर , मुकेश के नेतृत्व में पूरे जोश के साथ उन्हें कर्मचारी का दर्जा देकर पक्का करों,नारे लगाती हुई पहुंची, ग्रामीण सफाई कर्मचारीयों की उपस्थिति भी देखने लायक थी। अजय पबनावा, संजय सिसला, नरेश चंदाना, गुरदयाल आदि नेताओं ने उनकी अगुवाई की। वे न्यूनतम वेतन छब्बीस हजार देन व पक्का करने की आवाज़ बुलन्द कर रहे थे। वन मजदूर यूनियन की हाजरी की हड़ताल में उल्लेखनीय रही। बड़ा जत्था विजय शर्मा, सियादत्त ,नरेश शर्मा और राजकुमार सोलंकी के नेतृत्व में सभा स्थल पहुंचा।



**कैथल।** लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि




**कैथल।** प्रदर्शन करते एससी बीसी एम्पलाइज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### पुरानी पेंशन बहाल की जाए

**कैथल।** राजीव गांधी विद्युत भवन कैथल के प्रांगण में एससी बीसी एम्पलाइज के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के पक्ष में विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव जगदीश मेहरा ने की। इसमें कर्मचारियों की निम्न मांगों के बारे में सहमति जताई गई। केंद्र व राज्य शासित प्रदेशों में निजीकरण पर रोक लगाई जाए। श्रम विरोधी नीतियों को वापस लिया जाए। सभी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए। अनुसूचित जाति जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों को सभी स्तरों पर प्रमोशन में आरक्षण दिया जाए। उच्च पदों पर लैटरल एंट्री की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए नंबर। नियमित्त पदों पर आउटसोर्सिंग में ठेका प्रणाली की नियुक्तियों पर रोक लगाई जाए।

### अस्सी लाख रुपये ठगी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार शिकंजा कसते जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख ठगी मामले में इकनॉमिक सैल द्वारा आरोपी को काबू कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव डयोढखेड़ी निवासी शीशपाल व जोगिंद्र की शिकायत अनुसार वह दोनों भूमि खरीदना चाहते थे। जो डिलर का काम करने वाले खेड़ी निगरा पटियाला पंजाब निवासी कर्मजीत, समाना पंजाब निवासी जोगिंद्र सिंह व अंग्रेज सिंह उनसे मिले व कई गांव में जमीन दिखाई । उन्हे गांव शादीपुर तहसील गुहला में 50 कनाल 15 मरले भूमि दिखाई। जो भूमि उन्हें पसंद आ गई। डीलरों द्वारा उन्हे जमीन के मालिक कहकर गांव पलौंदिया जिला पटियाला पंजाब निवासी अमरजीत सिंह व कमलजीत सिंह से मिलवाया था।



**कैथल।** धोखाधड़ी के मामले में पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



**जींद।** निरीक्षण के लिए आई टीम। फोटो :हरिभूमि

### पोषण ट्रैकर पर दर्ज डाटा जांचा

**जींद।** गांव बेरीखेड़ा में बुधवार को अंतरराज्य कार्यक्रम के तहत मिजोरम टीम आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए पहुंची। मिजोरम से सीडीपीओ रैंक के अधिकारी व लालनपुइया द्वारा आंगनबाड़ी वर्करों का पोषण ट्रैकर पर दर्ज डाटा व एसएनपी चैक किया गया। टीम द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यप्रणाली को देखा और बच्चों से भी बात की। टीम ने यहां आंगनवाड़ी वर्करों की समस्याओं को भी जाना। टीम द्वारा विजिट फार्म के प्रोफार्मा भरा गया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलोचना कुंडू, सुपरवाइजर मीनाक्षी बूरा, कमलेश, पूजा व पोषण ब्लॉक कॉर्डिनेटर अनिता व राजरानी मौजूद रहे। एलपीओ अमित कुमार व डीईओ रवींद्र कुमार, बेरी खेड़ा सरपंच ज्योति, अनीता, मनीष जामनी टीम के साथ रहे। टीम द्वारा लाभार्थियों व सरपंच स्कीमों व एसएनपी प्रतिक्रिया भी ली गई। ग्राम पंचायत बेरी खेड़ा पंचायत को सुपोषित ग्राम पंचायत अवॉर्ड के लिए निरीक्षण किया गया। सभी मौजूद सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया व पर्यावरण सरंक्षण का प्रण लिया गया।

### खेतों के रास्ते को एक करोड़ से किया पक्का

**उचाना।** गांव डूमरखां के खेतों को जाने वाले कच्चे रास्ते की मांग को पूरा करते मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 1500 मीटर के कच्चे रास्ते की जगह सड़क का निर्माण किया। खेतों में आने.जाने वाले किसानों को बारिश के मौसम में खेतों में आने.जाने में परेशानी होती थी। कई बार तो फसल के सीजन में रास्ते में कीचड़ होने से वाहन पलटने का डर भी रहता था। करीब एक करोड़ रुपये की राशि खर्च कर 12 फीट का पक्का रास्ता बनाए जाने के बाद किसानों को खेत आने-जाने में फायदा होगा। सिरसा ब्रांच नहर से पहले रेलवे लाइन तक ये कच्चा रास्ता जाता था। लंबे समय से किसान इस रास्ते को पक्का करने की मांग करते आ रहे थे। सड़क निर्माण होने से किसानों की मांग पूरी हुई है। किसान राजेंद्र, सुनील, बलवान ने बताया कि 1500 मीटर के करीब कच्चा रास्ता है जो खेतों को जाता है। खेतों में आने-जाने वाले किसानों को विशेषकर बारिश के दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ता था। बारिश के मौसम में कीचड़ होने से किसान खेतों में भी नहीं जा पाते थे।



डूमरखां के खेतों को जाने वाले कच्चे रास्ते की जगह बनी सड़क।



**कैथल।** पट्टी गादड़ व पट्टी चौधरी में अवैध मकानों को गिराती जेसीबी।

### दो अवैध कालोनी पर चला पीला पंजा

**कैथल।** जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से कैथल के अधीन राजस्व संपदा पट्टी गादड़ व पट्टी चौधरी में स्थित दो अवैध कालोनियों में बनी सड़क नेटवर्क, बाउंड्री वाल व दो नव निर्मित शोरूम को कार्रवाई करते हटाया गया। अवैध कालोनी में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई। इस कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार राजौंद सुरेश कुमार बतौर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तैनात रहे। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध निर्माण को गिराने के लिए स्थल पर पहुंचा और नियमानुसार कार्रवाई को अमल में लाया गया। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में राजस्व संपदा पट्टी गादड़ व पट्टी चौधरी में अवैध रूप से पनप रही अवैध कालोनियों का मामला संज्ञान में आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे।

**सौगात** कार्यकारी अभियंता ने प्लांट का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश, सितंबर में होगा कार्य पूरा

# दबलैन में एक करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, मिलेगा शुद्ध पेयजल

नरवाना, उझाना व उचाना के हर घर तक जल पहुंचाने के लिए चल रहे प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नरवाना के कार्यकारी अभियंता गुरमीत सिंह ने बुधवार को जलघर दबलैन में बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। कहा कि गांव दबलैन में हर घर तक साफ, स्वच्छ व पर्याप्त मात्रा में पेयजल पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा करीब एक करोड़ से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य सितंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। करने के दौरान कही। उपमंडल अभियंता कुलदीप कोहाड व कनिष्ठ अभियंता तरसेम सिंह, कनिष्ठ अभियंता मंजीत काला, बीआरसी सुरेंद्र व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने पहुचे कार्यकारी अभियंता गुरमीत सिंह ने बताया कि बहुत जल्द ही दबलैन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हो जाएगा और गांव को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। विभाग का प्रयास हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का है। इसके लिए उपभोक्ताओं की आवश्यकतानुसार गांव की जरूरत के मुताबिक सभी गांव में पाइप लाइन, बूस्टर, टयूब्वैल, जलघर का निर्माण करवाया जा रहा है। समय-समय पर ग्राम पंचायत व ग्राम जल एवं सीवरेज समिति से संपर्क कर डिमांड ली जा रही है। नरवाना, उझाना व उचाना के हर घर तक जल पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा कई प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं।

### जल संरक्षण के लिए अभियान जारी

जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि नरवाना, उझाना व उचाना के सभी गांव में जल संरक्षण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की संयुक्त टीम गांव में प्रत्येक घर का सर्वे करके पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। इसके लिए जिन घरों में एक से अधिक कनैक्शन लिए गए हैं। आधा इंच से बड़े कनेक्शन लगा गए हैं या खेती व सब्जी के लिए अवैध कनेक्शन लिए गए हैं, उन्हें नोटिस देकर उन पर कार्रवाई की जा रही है।

### प्लांट के कार्य को शीघ्र पूरा करे

उन्होने उपमंडल अभियंता कुलदीप कोहाड व कनिष्ठ अभियंता तरसेम सिंह को ट्रीटमेंट प्लांट से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्लांट के कार्य को शीघ्र पूरा करे। इस मौके पर उपमंडल अभियंता कुलदीप कोहाड ने जलघर में कार्यरत कर्मचारियों को ड्यूटी से संबंधित निर्देश दिए व कहा कि दबलैन में पानी की सप्लाई समय पर होनी चाहिए व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत कनिष्ठ अभियंता से बात करके उसका समाधान करवाना है।

### अवैध असलहा उपलब्ध करवाने का आरोपी दबोचा

**जींद।** गत 13 जून को धौला कुआं पुराना बाजार नरवाना में नरवाना निवासी सौरभ को गोली मार दुकान से लुटपाट व बदमाशों को असलहा उपलब्ध करवाने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने ही 15 जून को सीआईए नरवाना मुठभेड़ में पुलिस पार्टी पर फायर करने में पकड़े गए आरोपितों को वारदात में इस्तेमाल के लिए अवैध असलहा उपलब्ध कराया था। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव सुलतानपुरी निवासी नसीब के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सदर नरवाना निरीक्षक पुर्णदास ने बताया कि 14 जून को नरवाना में दुकानदार सौरभ पर फायर कर नगदी व अन्य सामान लूटा था। इसके बाद 15 जून को सीआई टीम नरवाना को सूचना के आधार पर मामले में शामिल अंकित उर्फ छोटी, लक्ष्य उर्फ लक्षु वासी चोपड़ा पत्ती नरवाना व अंकुश उर्फ नोनी वासी मोरपत्ती नरवाना को पकडने गई थी।

## खबर संक्षेप

### पिंडारा में बिजली अदालत 15 को

**जींद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा 15 जुलाई को पिंडारा गांव में बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधीक्षक अभियंता मदनलाल सुखीजा लोगों की बिजली बिलों व मीटर सम्बधित शिकायतों को सुनेंगे। एसई ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के लिए गतिविधियां प्रारंभ

**जींद।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां प्रारंभ कर दी गई है। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना और समुदाय की भागीदारी से स्वच्छ वातावरण को बनाए रखना है।

### छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया समय रहते पूरी करें छात्र

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग तथा विमुक्त जातियों के छात्रों के कल्याण के लिए छात्रवृति योजना चलाई जा रही है। डा. बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए आवेदन एक अगस्त 2024 से 28 फरवरी 2025 तक आमंत्रित किए गए थे। जिला कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि डीसी के दिशा-निर्देशन में जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा कार्य किया जा रहा है।

### एनएसएस विद्यार्थियों शिक्षकों ने लगाए पौधे

**जींद।** एनसीसी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने धरती अभियान के तहत आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल अहिरका में एनसीसी कैडेट्स ने स्कूल के पास के गावों में जाकर पौधारोपण किया। इस समय पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा है। जिससे बचने का आसान व असरदार तरीका पौधारोपण हैं।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है।

### जाइट को एनएसएस इकाई की मिली सौगात

**जींद।** जींद इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जाइट जींद को नेशनल सर्विस स्कीम एनएसएसकी इकाई की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह स्वीकृति हरियाणा के उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा विधिवत पत्र जारी कर प्रदान की गई है। पहल के अंतर्गत कॉलेज के विद्यार्थी अब राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सामाजिक, शैक्षणिक एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व और नेतृत्व कौशल का विकास कर सकेंगे।

### यौन शोषण करने का आरोपित चाचा दबोचा

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने नाबालिग लड़की को धमकी देकर यौन शोषण करने के आरोप रिश्ते के चाचा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सदर थाना सफीदों इलाका गांव की एक 14 वर्षीय लड़की ने गत सात जुलाई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह आठवीं कक्षा में पढ़ती है।

### संदिग्ध हालात में नाबालिग लापता

**जींद।** अपराही मोहल्ले से नाबालिग लड़की के संदिग्ध हालात में गायब होने के चलते शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अपराही मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत पांच जुलाई को उसकी 14 वर्षीय पौती घर से गायब हो गई।

---

### विद्यार्थियों के सुविधा के लिए हेल्प डेस्क लगाया

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कंट्रोलर को सौंपा ज्ञापन

## 26 से 30 के बीच छात्रों की परीक्षाएं, इन्हीं तिथियों में सीईटी-एचटेट का पेपर, असमंजस में छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

रिवॉल्यूशन रिजल्ट में आ रही समस्या को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय कंट्रोलर डा. राजेश बंसल को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी नेता हिमेश यादव ने कहा कि बीए एलएलबी एक और तीन सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने रिवोल्यूशन के फार्म भरे थे। जिसमें से ज्यादा तर विद्यार्थियों के रिवॉल्यूशन रिजल्ट में विद्यार्थियों के रिजल्ट में कम और ज्यादा मार्क्स ने बदलाव नही हुए हैं। जबकि विद्यार्थियों ने प्रति सब्जेक्ट के 300 रुपये भर कर भरे थे। अगर विद्यार्थी के एग्जाम चेक नही होते तो विद्यार्थियों के फार्म ही क्यों भरवाए जाते हैं। वहीं जींद के राजकीय महाविद्यालय की एबीवीपी इकाई ने कॉलेज में यूजी पीजी कोर्स एडमिशन प्रकिया के दौरान विद्यार्थियों के सुविधा के लिए हेल्प डेस्क लगाया। जिला संयोजक वीर सैन ने बताया कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में एबीवीपी इकाई हर बार विद्यार्थियों के एडमिशन के दौरान विद्यार्थियों के हित के लिए एबीवीपी इकाई हर जगह हेल्प डेस्क लगाती है। हेल्प डेस्क पर एडमिशन प्रक्रिया, फीस भुगतान, काउंसलिंग प्रक्रियाए और दस्तावेजीकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी छात्रों को दी जा रही हैं ताकि उन्हें किसी भी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस दौरान एबीवीपी नेता रवि जोशी, मोहित, अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय में छात्रों को सेमेस्टर वाइज फीस भरने का मौका दिया जाए। क्योंकि कुछ कोर्स की फीस बहुत ज्यादा है। जोकि तीस हजार से 70 हजार तक है। विद्यार्थी इतनी फीस एकसाथ जमा नही करवा सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पिछली बार भी बीपीएल कार्ड वाले छात्रों को दो बार फीस भरने का मौका दिया गया था। हरियाणा के सभी एडेड और प्राइवेट कॉलेज में भी विद्यार्थियों से सेमेस्टर वाइज फीस ली जाती है। अगर विद्यार्थियों को एक बारे में इतनी फीस भरने के लिए कहा जाएगा तो कुछ विद्यार्थी तो एडमिशन ही नहीं ले पाएंगे। ऊपर से हरियाणा सरकार के द्वारा ओबीसी वर्ग की दो साल से स्कॉलरशिप भी नहीं आ रही है। कुछ विद्यार्थियों ने ऑफलाइन फीस भी भर दी लेकिन फिर उनकी फीस स्लिप नही ली जा रही है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी बताया कि जींद यूनिवर्सिटी और जींद यूनिवर्सिटी से संबंधित कॉलेज के छात्रों को एग्जाम हैं। जबकि उसी समय पर 26 और 27 जुलाई को हरियाणा सीईटी और 28 जुलाई को नेट की एग्जाम है और 30 व 31 जुलाई को एचटेट का एग्जाम है। इस लिए विद्यार्थी बड़ी असमंजस में कि वह एक समय में दो एग्जाम कैसे देंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन परीक्षा तिथि में बदलाव करें।



जींद। कंट्रोलर को ज्ञापन सौंपते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि



जींद। छात्रों की सहायता के लिए लगाया गया हैल्प डेस्क। फोटो :हरिभूमि

---

# टेबल टेनिस प्रतियोगिता में यश प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

खेल महाकुंभ 2025 के अंतर्गत चार जुलाई को आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते कई पदक अपने नाम किए। टेबल टेनिस में कक्षा 10 के छात्र ने प्रथम स्थान, 11 के छात्र अनुज ने द्वितीय स्थान और कक्षा 10 की छात्रा मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में नैतिक ने द्वितीय स्थान और साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों की सफलता पर विद्यालय के हैड मास्टर जेएस सारंग ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई कहा कि ये सफलता छात्रों की मेहनत और स्कूल द्वारा खेलों को प्रोत्साहन देने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। डायरेक्टर इंडस करियर इंस्टीट्यूट जींद संजीव तायल ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेलों से छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास का विकास होता है। वहीं इंडस ग्रुप के डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने भी इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इंडस ग्रुप सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा।



जींद। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। अटल पार्क का दौरा करते नपा चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा। फोटो :हरिभूमि

### दिव्यांगजनों के लिए मिलेगी अलग सुविधा

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के अटल पार्क में दिव्यांग लोगों के लिए अलग से सुविधा मिलेगी। कस्बे के अटल पार्क का नगरपालिका के चेसरमैन डा. संजय जांगड़ा ने दौरा किया। चेयरमैन डॉ संजय जांगड़ा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अटल पार्क में दिव्यांग लोगों के लिए अलग से सुविधा दी जाएगी। पार्क में आने वाले दिव्यांगों को अलग से मशीन उपलब्ध करवाई जाएंगी। जिससे वो भी कसरत कर सकें। जांगड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही है। 19 जुलाई को नंदगढ़ गांव में होने वाली रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री जुलाना में लोगों को कई सौगात देने का काम करेंगे। इस मौके पर पार्षद जितेंद्र, राहुल, अशोक, संदीप, सतबीर आदि मौजूद रहे।

### चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार, नगदी बरामद

**जींद।** थाना सदर नरवाना की पुलिस टीम ने चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सजूमा रोड कलायत निवासी अमित उर्फ मित्ती के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सदर नरवाना निरीक्षक पूर्णदास ने बताया कि गांव फरैण कलां निवासी सत्यवान ने पांच जुलाई को दी शिकायत में बताया कि गांव कर्मगढ में कैबिनेट मंत्री के धन्यवादी दौरे में शामिल होने के लिए गया हुआ था। जब वह मंत्री की स्टेज के पास जाने लगा तो दो नौजवान लड़कों ने उसकी जेब काट ली। जिसमें उसके तीन हजार रुपये थे। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो सजूमा रोड कलायत निवासी अमित उर्फ मित्ती का नाम सामने आया। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

---

### सीएलजी ने निपटाए दो मामल

**जींद।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें शिकायतकर्ता रवि ने बताया कि उसने राजबीर के पास लॉक टाइल और कर्व स्टोन लगाने का काम मेडिकल कालेज हैबतपुर में किया था। उसके साथ लेबर भी थी। जिसकी कुल मजदूरी 181800 रुपये बनती है। इसमें से उसे केवल 115000 रुपये ही मिल पाए हैं। जबकि अन्य राशि राजबीर देने से मना कर रहा है। जिस पर दोनों पक्षों को सुना गया और दोनों की मजदूरी का हिसाब करने के बाद शिकायतकर्ता के राजबीर की तरफ 33 हजार रुपये निकले। राजबीर द्वारा पांच हजार रुपये वीरवार को और बकाया 28 हजार रुपये 19 जुलाना को सीएलजी में आकर देने को कहा। इस पर दोनों पक्षों का समझौता हो गया। वहीं दूसरी शिकायत में शिकायतकर्ता बीर सिंह ने बताया कि कुछ लोगों ने उनकी जमीन पर नाजायज कब्जा किया हुआ है और मेरे खेत में सूखे पड़े शहतूत के पेड़ को आग लगाकर जला दिया है। सीएलजी ने दोनों पक्षों को बुलाया और उनका पक्ष जाना गया। दोनों पक्षों का जमीन का भी बल्कि प्लाटी का झगड़ा था।





जींद। मामला निपटाते सीएलजी सदस्य। फोटो :हरिभूमि



जींद। जादू का खेल देखते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने उठाया जादू का लुत्फ

**जींद।** रैडक्रास सोसाइटी की तरफ से आधारशिला विद्यालय में जादू के शो का आयोजन किया गया। यह शो लगभग एक घंटे तक चला और विद्यालय के लगभग सभी विद्यार्थियों ने इसका भरपूर आनंद उठाया। इसमें जादूगर ने अपने करतबों और भ्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उसने न केवल छात्रों का मनोरंजन ही किया बल्कि उन्हें जादू के विभिन्न वैज्ञानिक पहलूओं से भी अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जादू एक कला है, जिसमें हाथ की सफाई का प्रदर्शन किया जाता है। हमें इसका प्रयोग हमेशा साकारात्मक उद्देश्यों के लिए ही किया जाना चाहिए। कभी भी स्वार्थी लक्ष्यों के उद्देश्य से जादू का प्रयोग नहीं करना चाहिए। प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने कहा कि इस तरह के आयोजनों द्वारा बच्चों में हरियाणा सरकार के संदेशों को पहुंचाने का प्रयास करती है। सोसाइटी बच्चों को अच्छा व्यवहार व अच्छे स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं के बारे में जागरूक करती है जो कि सराहनीय प्रयास है।

### जुलाना में सर्वकर्मचारी संघ ने की हड़ताल

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की लेबर शेड में सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर हड़ताल में मजदूर और कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कर्मचारियों ने बाजार में प्रदर्शन किया। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए मजदुर नेता सुभाष पांचाल ने कहा कि बीजेपी सरकार लगातार मजदूर, कर्मचारी, किसान विरोधी फैसले लेकर जनता में असंतोष पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पांच साल पहले कारपोरेट, पूंजीपतियों के हित में मजदूर विरोधी चार लेबर कोड पारित किए थे। जिन्हें अब लागू करने जा रही है। इन कानूनों के पास होने के बाद देश के कुल फैक्टरी मजदूरों का 74 प्रतिशत न्यूनतम श्रम अधिकारों से बाहर हो गया है। देश के 70 प्रतिशत उद्यागों में मालिकों को ये अधिकार मिल जाएगा कि वें कभी भी मजदूरों को फैक्टरी से बाहर का रास्ता दिखा सकते हैं।



जुलाना। बाजार में प्रदर्शन करते मजदूर व कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। आईटीआई में छात्रों को संबोधित करते एएसआई कुलदीप।

### गाड़ी चलाते समय फोन का प्रयोग ना करें

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की राजकीय आईटीआई में छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एएसआई कुलदीप ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाइक चलाते समय हेल्मेट का जरूर प्रयोग करें। बुलेट से पटाखे ना बजाएं। नाबालिग बच्चों को बाइक ना दें। गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। गाड़ी के शीशे पर ब्लैक फिल्म ना लगाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग ना करें इससे दुर्घटना हो सकती है।

---



जींद। महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपने आए एसोसिएशन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** दैनिक रेलयात्री वेलफेयर एसोसिएशन जिला प्रधान सुरेश पांचाल और सचिव सुरेंद्र कुमार ने मंडल रेल प्रबंधक दिल्ली डिवीजन के कार्यालय एवं उत्तर रेलवे महाप्रबंधक के कार्यालय में संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने जींद क्षेत्र की रेल सेवाओं से संबंधित मांग पत्र सौंपे। प्रधान सुरेंद्र पांचाल और सचिव सुरेंद्र कुमार ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि जींद से अमृतसर के लिए कोई गाड़ी उपलब्ध नही है। इसलिए जींद से ब्यास अमृतसर के लिए एक दैनिक ट्रेन शुरू की जाए। वहीं जींद से चंडीगढ़ के लिए एक नई ट्रेन के संचालन की मांग की गई है। जिससे राज्य की राजधानी में आना जाना सुगम हो। वहीं ट्रेन नंबर 14023-14024 कुरुक्षेत्र दिल्ली के रैक केवल आठ कोच का है। इसे मेमू रैक में बदल कर कम से कम 12 कोच के साथ संचालन किया जाए। जींद स्टेशन पर स्थित पार्किंग का एरिया बहुत कम है। इसे बढ़ाने की मांग की गई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि रेलवे अधिकारियों ने इन पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# जिला भाजपा कार्यकारिणी की घोषणा

- क्षेत्र, जातिय समीकरण, महिलाओं की भागेदारी का रखा ख्याल : तिजेंद्र ढुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल तथा जिला भाजपा प्रभारी मदन गोयल बुधवार को संयुक्त वार्ता कर भाजपा जिला कार्यकारिणी के 23 पदाधिकारियों की सूची जारी की है। दोनों नेताओं ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली से सलाह से पदाधिकारी बनाए गए हैं। जिसमें विस क्षेत्र, जातिय समीकरणों तथा महिलाओं की भागेदारी का ख्याल रखा गया है।

कार्यकारिणी में सात जिला उपाध्यक्ष, सात सचिव, दो महामंत्री के अलावा अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। उन्होने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर पुष्पा तायल, विकास विकास ब्राह्मणवास, संजय पवार, भीम दनौदा, मनीष, संजय धवन, प्रमोद शर्मा को मनोनित किया गया है। इसके बाद महामंत्री पद के लिए जितेंद्र रोड, गौरव भारद्वाज, सचिव कृष्ण सरपंच, रिषराज भार्गव, सतीश देवी, अनीता, बैसाखी राम, सुरेखा सिंह, स्नेहलता नाहर, कोषाध्यक्ष सुरजीत बनखड़, कार्यालय सचिव साधु राम सांगवान, प्रवक्ता बबलू गोयल, आईटी प्रमुख विकास श्योकंद, सोशल मीडिया सचिन, मीडिया राकेश बैरागी, मन की बात प्रमुख बलदेव को मनोनित किया गया है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल। फोटो :हरिभूमि



उचाना। नशे विरोधी रैली को रवाना करते कार्यभारी गुलशन कुमार।

### विद्यार्थियों को तंबाकू से दूर रखना जरूरी

**उचाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भौंगरा में तंबाकू मुक्त पीढ़ी के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। स्कूल के कार्यभारी गुलशन कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टूडेंट ने प्रभात फेरी के दौरान नशा विरोधी नारे लगाए। नशा बुरी दशा और जो पीएगा शराबए वह होगा खराब जैसे नारों के साथ गांव में जागरूकता फैलाई। रैली संयोजक मा. राम प्रसाद ने युवा पीढ़ी को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। कहा कि आजकल विद्यार्थी हुक्का बार, सिगरेट और बीड़ी के चक्कर में अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। इससे वे अपराध की दुनिया में भी जा सकते हैं। राम प्रसाद ने बताया कि तंबाकू से फेफड़े खराब होते हैं। गले के कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भविष्य की पीढ़ी को बचाने के लिए विद्यार्थियों को तंबाकू से दूर रखना जरूरी है।

---

### मरम्मत कार्य को फेज वाइज तरीके से करवाने की मांग

# देवीलाल चौक अंडरपास बंद होने से बढ़ी दिक्क्त

- कैसे शव यात्रा श्मशान घाट तक पहुंचेगी, कैसे होगा हजारों वाहनों का आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

देवीलाल चौक अंडरपास में लीकेज के चलते बुधवार को इसे तीन दिन के लिए बंद कर दिया गया है। जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा और एसपी कुलदीप सिंह से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा है कि देवीलाल चौक अंडरपास से हर रोज हजारों वाहनों का आवागमन है, उस अंडरपास को तीन दिन के लिए दोनों तरफ से पूरा बंद करने से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा कर रह जाएगी। अंडरपास के पूर्ण बंद होने की स्थिति में यदि किसी शव यात्रा को पैदल हांसी रोड स्थित श्मशान घाट ले जाना हो तो दूसरा कोई रास्ता ही नहीं बचा है। ऐसे में संबंधित परिजनों को गहरा मानसिक आघात और असुविधा होगी। गोयल ने जिला प्रशासन से अपील की है कि यहां मरम्मत कार्य को फेज वाइज तरीके से किया जाए। गोयल का कहना है कि आधा रास्ता पहले बंद करके एक तरफ की लीकेज को दुरुस्त किया जाए और दूसरी तरफ से ट्रैफिक चालू रखा जाए। फिर दूसरी तरफ के हिस्से की मरम्मत की जाए। यह व्यवस्था न केवल आमजन के लिए सुविधाजनक होगी बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहेगी। इसलिए जनहित को देखते हुए तुरंत प्रभाव से इस पूरे रास्तों को बंद करने की बजाए आधे रास्ते को बंद किया जाए।







उचाना। कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नाटकों का शानदार तरीके से मंचन किया

**उचाना।** कपास मंडी में आचार्य भिक्षु के 300वें जन्म दिवस पर आचार्य महाश्रमण की प्रबुद्ध शिष्याएं समणी जयंती प्रज्ञाए समणी सन्मति प्रज्ञा के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। दिल्ली से अनुराग बोधरा कर्ण शेखानी गौरव द्वारा आचार्य भिक्षु के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालने वाले भजन प्रस्तुत किए गए। आचार्य भिक्षु से नाता जोड़ लियाए तेरापंथ मिला हैए महाप्रण गुरूदेव, वंदेगुरू आज तो भिक्षु आना ही पड़ेगे जैसे विभिन्न गीत प्रस्तुत किए। गायकों के गीतों ने पूरे समय तक समां बांधे रखा। कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालु गीतों पर झूमे। महिला मंडल युवक परिषद द्वारा आचार्य भिक्षु के जीवन पर आधारित नाटकों का शानदार तरीके से मंचन किया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों को समाज सेवी सतपाल गोयल, प्रेमचंद जैन खापड़ द्वारा सम्मानित किया। जयंती प्रज्ञा ने बताया कि आचार्य भिक्षु तेरापंथ समाज के संस्थापक और एक महान आध्यात्मिक। आचार्य भिक्षु ने अपने जीवन को जैन धर्म के सिद्धांतों को फैलाने और तेरापंथ समाज को स्थापित करने के लिए समर्पित किया।

## खबर संक्षेप



विद्यार्थियों को पौधे वितरित करते हुए स्कूल स्टाफ सदस्य।

### बच्चों को वितरित किए फलदार पौधे

**राजौंद** । एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत बुधवार को गांव जुलानी खेड़ा में एक सराहनीय पहल की गई। इस दौरान गांव के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को फलदार पौधे वितरित किए गए ताकि वह प्रकृति से जुड़ाव महसूस करें और हरियाली को बढ़ावा दें। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद नंदा व अध्यापक सूरज प्रकाश की उपस्थिति में गांव के सरपंच, भाजपा बालू मंडल अध्यक्ष और ग्रिवेंस कमेटी कैथल के सदस्य नरेंद्र जुलानीखेड़ा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया। प्रधानाचार्य विनोद नंदा ने बच्चों से कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। जिस तरह एक मां हमें जीवन देती है, उसी तरह पेड़ हमें ऑक्सीजन, छाया और फल प्रदान करते हैं। आज जो पौधे हम बच्चों को दे रहे हैं।

### गांव फतेहपुर में मिठाई की दुकान पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की कार्रवाई

# घेवर, फिरनी सहित तीन खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे

**घेवर में फफूंदी लगी होने की शिकायत की गई थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फतेहपुर स्थित व्यास फिरनी वाले की मशहूर दुकान पर बुधवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने छापेमारी की। यह कार्रवाई ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश बरसाना की शिकायत पर की गई, जिन्होंने मिठाई की गुणवत्ता को लेकर संदेह जताया था।राजेश बरसाना ने आरोप लगाया कि उन्होंने कुछ दिन पूर्व दुकान से घेवर खरीदा था, जिसमें अगले ही दिन फफूंदी और कड़वापन देखने को मिला। जब उन्होंने इसे दुकानदार को दिखाया, तो उसने गलती मानने से इनकार कर दिया और मिठाई बदलने से भी मना कर दिया। साथ ही कथित तौर पर कहा कि जिसे जहां शिकायत करनी है करे, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जिसकी शिकायत उन्होंने ऑनलाईन खाद्य आपूर्ति विभाग को की।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए खाद्य अधिकारी डॉ. पवन चहल ने शिकायतकर्ता के साथ लेकर मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घेवर, फिरनी सहित तीन खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए और जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं।डॉ. पवन चहल ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। निरीक्षण के दौरान कुछ अन्य छोटी-मोटी कमियां भी पाई गईं, जिनके लिए नियमानुसार नोटिस जारी किया जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।





पूंडरी। फफूंदी लगा घेवर व कार्रवाई करते हुए खाद्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**हर जांच के लिए तैयार**

दुकान मालिक मोहित ब्यास ने कहा कि शिकायतकर्ता चार दिन पहले घेवर लेकर गया था, जबकि उन्होंने घेवर के डिब्बों व दुकान में भी साफ तौर पर लिखा हुआ है कि घेवर व मावे की वैधता दो दिन की है। चार दिन के बाद उसमें से कुछ इस्तेमाल करने के बाद शेष लेकर आये और दुकान पर आकर उनके पिता जी के साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया और उसी रंजिश में शिकायत की गई। वे हर जांच के लिए तैयार है।

**नोटिस जारी करेंगे**

*हमें शिकायत मिली थी कि फतेहपुर ब्यास की दुकान पर खराब क्वालिटी का घेवर व फिरनी बिक रही है। शिकायतकर्ता को साथ लेकर औचक निरीक्षण किया गया। तीन खाद्य पदार्थों के नमूने लैब में भेजे गए हैं। अन्य कमियों के लिए नोटिस जारी किया जाएगा।*
*डॉ. पवन चहल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कैथल।*



कैथल। एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी

## पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में करियर बनाने की अपार संभावनाएं

■ कॉरपोरेट कम्युनिकेशन विषय से सम्बन्धित कोर्सेज करवाए जा रहे है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एनआईआईएलएम विवि कैथल के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर बनाने के लिए नए अवसर प्रदान कर रहा है । विभाग अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार ने बताया कि विभाग में नई तकनीक से युक्त मीडिया लैब स्थापित कर दी गई है जिसमें टीवी स्टूडियो रेडियो स्टूडियो सुचारू रूप से संचालित हो चुका है जिसमें प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में किसी भी छात्र के लिए करियर संवारने की अपार संभावनाएं है। विभाग द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में एमए जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन , एमएससी एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशन , ग्राफिक एनीमेशन, और मल्टीमीडिया, प्रिंटिंग, ग्राफिकस एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, बी ए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन ,बीएससी मल्टीमीडिया प्रिंटिंग एंड टेक्नोलॉजी, ग्राफिक एंड एनीमेशन, फिल्म ,टेलीविजन और ओ टी टी प्रोडक्शन, पीजी डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, सर्टिफिकेट कोर्स इन डिजिटल मीडिया एंड कंटेंट क्रिएशन, रेडियो जोकिंग और वॉइस माड्यूलेशन,फोटोग्राफी एंड विजुअल स्टोरीटेलिंग,स्क्रिप्ट राइटिंग फॉर मीडिया, पब्लिक रिलेशंस एंड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन विषय से सम्बन्धित कोर्सेज करवाए जा रहे है।

# दिव्यांग विद्यार्थियों का किया मेडिकल चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में जिला कैथल में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए छह दिवसीय मेडिकल शिविर के तीसरे दिन दिव्यांग बच्चों का मेडिकल चेकअप किया गया। इस विषय में जानकारी देते हुए जिला सह संयोजक श्याम लाल आर्य ने बताया कि राजौंद खंड के दिव्यांग बच्चों के लिए वीरवार को मेडिकल शिविर लगाया गया। इसमें 62 दिव्यांग बच्चों का निरीक्षण किया गया। जिसमें बौद्धिक अक्षमता के 44, दृष्टि बाधिता के तीन श्रवण दोष के दो तथा अस्थि बाधिता के 13 बच्चों ने अपना चैकअप करवाया। इसमें एक बच्चे की सर्जरी पीजीआई के लिए रिकमंड की गई। बच्चों को मौके पर ही सभी मेडिकल व्यवस्था मुहैया करवाई गई। इस कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जिला कैथल के सभी खंडों के दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक दिन एक खंड के लिए निश्चित किया गया है। दस जुलाई को कलायत,11 जुलाई को पुण्डरी तथा 12 जुलाई को कैथल खंड में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मौके पर ही मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ-साथ एल्मिको की ओर से सहायक उपकरण, समाज कल्याण विभाग की ओर से बस पास एवं रेलवे पास आदि सुविधाओं की समस्त औपचारिकता पूरी करवाई जाती हे। दिव्यांग बच्चों की जांच करने हेतु डॉ राजीव मित्तल , डॉ हिमांशु बंसल, डॉ कविता गोयल, डॉ अनिल अग्रवाल, सुनील कुमार आदि टीम का विशेष योगदान रहा । जिला परियोजना संयोजक कार्यालय से कुशल कुमार एपीसी, श्यामलाल आर्य, विनोद आर्य, कुलदीप सिंह, अंकुर सिंगला, राजेश कुमार, मनजोत कौर, इंद्रजीत, कर्मवीर शर्मा मौजूद रहे।



शिविर में पंजीकरण के लिए आए दिव्यांग विद्यार्थी और उनके अभिभावक।

### आढ़त का भुगतान जल्द ही ब्याज समेत किया जाए: ढुल

**पाई**। पाई अनाज मंडी के आढ़तियों ने सरकार से मांग की है कि गेहूं पर लगने वाली आढ़त का भुगतान जल्द ही ब्याज समेत किया जाए। मंडी प्रधान सत्यवान ढुल, पूर्व प्रधान रणधीर सिंह ने बताया कि गेहूं का सीजन समाप्त हुए लगभग ढाई माह का हो गए हैं, परंतु खरीद एजेंसियों ने अभी तक आढ़तियों को गेहूं पर लगने वाली आढ़त का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि मंडी से खरीद एजेंसी के द्वारा अप्रैल माह में किसानों की गेहूं आढ़तियों के माध्यम से खरीद की गई थी। जिस पर सरकार द्वारा 55 रुपए प्रत्येक प्रति क्विंटल देने की घोषणा की हुई है।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल के मौके पर कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन

*कर्मियों ने इकट्ठे होकर की मीटिंग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

देशभर के मेहनतकशों की मांगों और चार श्रम संहिताओं की वापसी की मांग को लेकर आयोजित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के तहत सभी विभागों के कर्मचारी व परियोजना कर्मियों ने इकट्ठे होकर नगरपालिका कार्यालय में मीटिंग की। मीटिंग की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा खंड प्रधान कपिल सिरोही और मंच संचालन खंड सचिव सुरेश कुमार ने किया। खंड प्रधान कपिल सिरोही,नगरपालिका कर्मचारी संघ खंड प्रधान संदीप कुमार व आशा वर्कर्स यूनियन खंड प्रधान कविता राणा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मजदूर-कर्मचारी और छोटे व्यापारियों के विरोध में नीतियां लागू कर रही हैं। ऐसे में यह ऐतिहासिक हड़ताल सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक निर्णायक संघर्ष है।क्योंकि केंद्र सरकार जिन चार श्रम संहिताओं को लागू करना चाहती है,वह न केवल पुराने श्रम कानूनों को समाप्त करती हैं।



राजौंद । नगर पालिका परिसर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिजली कर्मचारी।

## ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में किया प्रदर्शन

**पूंडरी** । एचएसईबी वर्कर्स यूनियन हेड ऑफिस भिवानी के बैनर तले यूनिट पूंडरी के बिजली निगम कर्मचारियों ने बुधवार को ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में जोरदार रोष प्रदर्शन किया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब-यूनिट प्रधान विनोद शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन सब-यूनिट सचिव भजनलाल ने किया।प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार द्वारा लाई गई नई ऑनलाइन ट्रांसफर नीति को कर्मचारी विरोधी बताते हुए कहा कि इसमें तकनीकी कर्मचारियों को शामिल करना विभागीय दुर्घटनाओं को बढ़ावा देगा। प्रधान विनोद शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार ने नीति में संशोधन के नाम पर कर्मचारियों के साथ धोखा किया है। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार व निगम प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और नीति को अव्यवहारिक बताते हुए इसे तुरंत रद्द करने की मांग की। सर्कल सचिव जितेंद्र बाकल ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द इस तबादला नीति को वापस नहीं लिया तो यूनियन को आंदोलन तेज करना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार व मैनेजमेंट की होगी।प्रदर्शन में यूनिट सचिव राकेश शर्मा, यूनिट कोषाध्यक्ष कुलदीप जांगड़ा, जयदीप, राममेहर, प्रवीण बतान, जगबीर ढांडा, नरेश जेई, सुरेश जेई, दीपक जेई, रेखा आदि मौजूद रहे।

## जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में डिजिटल संसाधनों की स्थिति का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अतिरिक्त निदेशक कमलप्रीत कौर द्वारा जिला कैथल के सरकारी विद्यालयों में आईसीटी लैब, लैंग्वेज लैब, डिजिटल बोर्ड, टैबलेट आदि डिजिटल संसाधनों की स्थिति एवं उनके उपयोग (यूटिलाइजेशन) की समीक्षा की गई। इस निरीक्षण का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कैथल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास, जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल तथा सभी खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक के उपरांत कमलप्रीत कौर ने जिले के प्रमुख विद्यालयों का दौरा किया, जिनमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा कैथल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलरम तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाता शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान संसाधनों की स्थिति संतोषजनक पाई गई। अतिरिक्त निदेशक कमलप्रीत कौर ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि डिजिटल बोर्ड का उपयोग केवल व्हाइटबोर्ड की तरह नहीं, बल्कि ऑडियो-विजुअल माध्यम के रूप में भी किया जाए। आईसीटी लैब के सभी कंपोनेंट्स को अपडेट किया जाए ताकि छात्र तकनीकी रूप से सशक्त बन सके। छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा नियमित रूप से प्रदान की जाए और एनसीईआरटी सिलेबस के अनुसार पढ़ाई सुनिश्चित की जाए। लैंग्वेज लैब का नियमित रूप से संचालन कर विद्यार्थियों की भाषाई दक्षता को बढ़ाया जाए। टैबलेट का रिकॉर्ड जिला तथा स्कूल स्तर पर पारदर्शी तरीके से रखा जाए। स्कूलों में साफ-सफाई की व्यवस्था विशेष रूप से डिजिटल उपकरणों के आसपास बेहतर हो। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को डिजिटल माध्यमों का प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे प्रभावशाली शिक्षण कर सकें। छात्रों को डिजिटल उपकरणों के सुरक्षित और शिक्षाप्रद उपयोग के बारे में जागरूक किया जाए। स्कूलों को निर्देशित किया गया कि आईसीटी से संबंधित कोई उपकरण खराब हो तो तत्काल उसकी मरम्मत हेतु सूचना दें। उन्होंने लैब्स में इंटरनेट कनेक्टिविटी की स्थिति पर भी विचार किया गया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। स्कूलों में बच्चों को दिखाया जाने वाला डिजिटलाइज कंटेंट वेरीफाई एजेंसी से होना आवश्यक है इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी करने के आदेश दिए।



कैथल। अतिरिक्त निदेशक कमलप्रीत कौर का स्वागत करते अधिकारी फोटो : हरिभूमि



कैथल। बीएलओ को प्रशिक्षण देते पदाधिकारी

## विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण प्रदान किया

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार जिला के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों पर नियुक्त सभी बीएलओ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोग की हिदायतानुसार जिला के गुहला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी प्रमेश सिंह द्वारा जिला के तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों, सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों तथा विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नियुक्त किए गए सभी बीएलओ को 16 जुलाई तक यह प्रशिक्षण प्रदान दिया जा रहा है। बुधवार तक गुहला व कलायत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अवधि प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले बीएलओ के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी बीएलओ यह प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

### सेहत विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का आपसी तालमेल योजनाओं की सफलता के लिए जरूरी

# स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन, योजनाओं में तय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए गंभीरता से काम करें: उपायुक्त

*गर्भवती महिलाओं को किया जाए प्रथम चरण पर ट्रैक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। आमजन के स्वास्थ्य के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए फील्ड स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आपसी तालमेल से काम करें। सूचनाएं साझा करें, तभी परिणाम आएगा। लिंगानुपात में सुधार के लिए तथ्यों का विश्लेषण कर योजना बनाकर आगे बढ़ें। अवैध अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, लिंग जांच के लिए सूचनाएं मिलने पर सख्त कार्रवाई हो, गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करें। विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का आपसी तालमेल इन योजनाओं की सफलता के लिए बहुत जरूरी है। सभी एसएमओ अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित एसडीएम की अगुवाई में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत या नगर पालिका प्रतिनिधियों, शिक्षकों व जमीनी स्तर पर सभी सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ नियमित बैठकें करें। कहीं किसी योजना के क्रियान्वयन में परेशानी है तो उसका कारण जानें। जिलास्तर पर सहयोग की आवश्यकता है तो उन्हें बताएं। तभी जाकर योजनाओं में तय लक्ष्य हासिल होंगे। जिला के लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए और अधिक मेहनत करें। अपने क्षेत्र की आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर व अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं लेने वाले लोगों की काउंसलिंग की जाए। उन्हें जागरूक किया जाए कि बेटा-बेटी में कोई अंतर नहीं है। किसी के बहकावे में आकर लिंग जांच या बिना चिकित्सीय कारणों के गर्भपात जैसी गतिविधियों में शामिल होकर अपने जीवन को खतरे में न डालें।



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

**अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें**

डीसी प्रीति लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर संबोधित कर रही थी। डीसी ने कहा कि जिन गांवों में लिंगानुपात ज्यादा खराब है, उन गांवों के डाटा का गहनता से विश्लेषण किया जाए और पता लगाया जाए कि इस क्षेत्र में बेटियों की बजाए बेटों की संख्या ज्यादा क्यों है। यदि डाटा में कुछ संदेह लगता है तो उसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि पुलिस को उस क्षेत्र में सक्रिय किया जा सके। जागरूकता के साथ-साथ चैकिंग भी बहुत जरूरी है, ताकि बेटियों को बचाया जा सके। संबंधित एसएमओ, एमओ अपने-अपने क्षेत्र की आशा वर्करों के साथ संपर्क में रहें और उनके साथ समय-समय पर बैठके आयोजित करें। सभी आशाओं को निर्देश दें कि वे अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें और गर्भवती महिलाओं कोप्रथम चरण में ही ट्रैक किया जाए। उन्होंने पीएचसी अनुसार लिंगानुपात के डाटा का विश्लेषण कर संबंधित एसएमओ से जवाब तलब किया। इस मौके पर सीएमओ रेणू चावला, डॉ. नीरज मंगला, डॉ. सचिन मांडले, डॉ. नवराज, डॉ. बातिश, डॉ. राजीव मित्तल के अलावा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### चोरों ने बाइक को बनाया निशाना

**कैथल** । जिला में अलग-अलग स्थान से चोर चार बाइक चुरा कर ले गए। पहले मामले में सीवन के अजय सैनी ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 जुलाई को पटियाला रोड चीका पर खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए। इसी प्रकार से दूसरे मामले में पंतनगर कैथल के गौरव रोहिला ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत में बताया कि 5 जुलाई को सेक्टर 20 हुडा कैथल से उसकी बाइक चुरा कर ले गए।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं पारस राव पुत्र श्री वीरेंद्र गांव कमानिया तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम पारस से पारस राव रख लिया है। भविष्य में सभी कार्यों में मुझे पारस राव के नाम से जाना जाएं।

## खबर संक्षेप



### डीएवी स्कूल में वन महोत्सव पर पौधरोपण

**पूंडरी।** वन महोत्सव के उपलक्ष्य में डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्राचार्य साधना बख्शी ने पौधा लगाकर की। स्वयंसेवकों ने स्कूल में 80 फलदार व छायादार पौधे लगाए। प्राचार्या साधना बख्शी ने पीएम नरेंद्र मोदी के एक पौधा मां के नाम अभियान की जानकारी दी। प्राध्यापक सुशील कुमार व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई व पौधों की देखभाल का संकल्प लेने को कहा।

### अमेरिका में पदक विजेता नवीन गोयत का स्वागत



**उचाना।** अमेरिका में हुए इंटरनेशनल खेलों में गोल्ड, सिल्वर जीतने वाले मखंड गांव के नवीन गोयत का भव्य स्वागत किया। नेशनल हाइवे से डीजे के साथ जुलूस के रूप में गांव तक लाए। रास्ते में लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। नपा चेयरमैन विकास काला ने नवीन गोयत ने कहा कि नवीन गोयत ने मेडल जीत कर क्षेत्र का नाम विदेश, देश एवं प्रदेश में रोशन करने का काम किया है।

### आज पहुंचेगी महिला आयोग की टीम

**कैथल।** सीवन थाने में पूछताछ में महिला द्वारा पुलिसकर्मियों पर थर्ड डिग्री के आरोप मामले में महिला का 10 दिन बाद भी चंडीगढ़ पीजीआई से स्वास्थ्य का निरीक्षण किया गया। इस मामले में महिला के परिजनों ने मंगलवार को ही सीवन थाने में प्रदर्शन कर आरोपी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। जिसकी जांच करनाल पुलिस को सौंपी थी। इसके बाद करनाल पुलिस की एक एसआईटी जांच कर रही है। इस एसआईटी की ओर से चंडीगढ़ पीजीआई में महिला का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जाना है।

## महाविद्यालयों में यूजी कोर्स के लिए ओपन काउंसलिंग से मिले दाखिला

*आज से फिर खुलेगा दाखिला पोर्टल : प्रो. सत्यवान मलिक*

### 11 से 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले

*प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने बताया कि 10 जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। विद्यार्थियों को विषय में बदलाव का अवसर दिया जाएगा। 11 से 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिला ले सकते हैं। फिर 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस भरकर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स को लेकर पहली व दूसरी मेरिट लिस्ट के तहत दाखिला प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बुधवार को महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर ओपन काउंसलिंग के माध्यम से दाखिला प्रक्रिया की शुरूआत की गई। हिंदू कन्या महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले हेतु प्रथम मेरिट सूची 27 जून व द्वितीय मेरिट सूची तीन जुलाई को जारी हुई थी। बुधवार से ओपन फिजिकल काउंसलिंग शुरू हुई। इस दौरान छात्राएं व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों की जांच करवाने के लिए पहुंची। प्रथम व द्वितीय मेरिट सूची में जिन छात्राओं ने दाखिला नहीं लिया है वे सभी भी ओपन काउंसलिंग के तहत महाविद्यालय में आकर दाखिला ले सकती हैं। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने बताया कि जो छात्राएं किसी कारणवश पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन नही करवा पाई हैं, ओपन काउंसलिंग के दौरान वे छात्राएं भी महाविद्यालय में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दाखिला करवा सकती हैं। प्राचार्या ने यह भी बताया कि विषय सूची में बदलाव करके छात्राएं अपना मनपसंद विषय परिवर्तन कर सकती हैं। हिंदू कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने विगत वर्षों में शैक्षणिक स्तर पर विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं व इसके साथ ही खेलकूद के क्षेत्र में भी महाविद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का तथा जींद जिले का नाम रोशन किया है।

## आईटीआई में प्रथम मेरिट लिस्ट की दाखिला प्रक्रिया पूरी

### 26 ट्रेड की 944 सीटों में से 255 विद्यार्थियों ने लिया दाखिला

- 11 जुलाई को जारी होगी दूसरी मेरिट लिस्ट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




आईटीआई में दाखिले को लेकर जारी हुई पहली मेरिट लिस्ट में दाखिले के लिए वऊीस जमा करवाने की अवधि पूरी हो चुकी है। इसके बाद संस्थानों में खाली सीटों की सूची जारी की गई है। कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई में विभिन्न 26 ट्रेड में निर्धारित 944 सीट में से 255 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है और इस समय 689 सीट खाली बची हुई हैं। पोर्टल खुलने के बाद नौ से दस जुलाई तक विद्यार्थी ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगाए वह विद्यार्थी 11ए 12 और 14 जुलाई को आईटीआई में आकर फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 15 जुलाई तक विद्यार्थी फीस भर सकेंगे। इसके बाद तीसरे राउंड के लिए 16 जुलाई को खाली सीटों की सूची जारी होगी। 16 जुलाई से 19 जुलाई तक दोबारा से विभाग द्वारा पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी अपने ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम तीसरी मेरिट लिस्ट में आएगा वह विद्यार्थी 26 जुलाई तक आईटीआई में आकर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 27 जुलाई तक विद्यार्थियों के पास फीस भरने का समय रहेगा। जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं। इनमें नौ राजकीय आईटीआई में 2928 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीटें शामिल हैं। कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई के प्राचार्य नरेश कुमार ने कहा कि 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी।

## शहर में जलभराव से आमजन को हुई परेशानी

# दिनभर रही उमस, शाम को हुई झमाझम बरसात से मिली राहत

*किसानों के खिले चेहरे तापमान में गिरावट होने से मौसम हुआ सुहावना मौसम विभाग ने बताई 24 घंटे बूंदाबांदी की संभावना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





**जींद।** शहर की पॉश कालोनी में जमा हुआ बरसाती पानी।

जिले में बुधवार शाम को हुई झमाझम बारिश ने गर्मी तथा उमस से राहत दी है। वहीं बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया। जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी हुई। बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है और किसानों की भी राहत प्रदान की है। तापमान में भी गिरावट दर्ज गई। मौसम भी सुहाना बन गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम में आद्रता 84 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। देर शाम तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान बूंदाबांदी के साथ बारिश होने की संभावना है। बारिश के दौरान बिजली भी गुल हो गई।

### शाम को बदली करवट

बुधवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बादल हलके हो गए लेकिन उमस बन गई। शाम को मौसम ने करवट ली और काली घटा छा गई। जिसके साथ तेज बारिश शुरू हो गई। जो देर शाम तक जारी रही। बारिश के चलते शहर के गोहाना रोड, सफीदों रोड, बत्तख चौक, पटियाला चौक, सीआर कॉलेज के सामने, टपरीवास कालोनी व अन्य कालोनियों में पानी जमा हो गया।

जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी हुई। जिले के सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा ब्लॉक को धान के लिए जाना जाता है। दोनों इलाकों में मानसून सीजन में अब कम बारिश हुई है। बुधवार शाम को मौसम के करवट लेने से किसानों को अच्छी बारिश की आश जागी है। बारिश से धान रोपाई का कार्य रफ्तार पकड़ेगा। जो धान फसल रोपी गई है, उसको भी फायदा पहुंचा है।

काबिलेगौर है कि मौसम विभाग ने बारिश को लेकर येलो अर्लट जारी किया हुआ है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि बारिश से फसलों को फायदा पहुंचा है। अच्छी बारिश की आसार बने है। धान फसल के लिए फायदेमंद है। बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।



**कैथल।** कैथल में बरसात के दौरान सड़कों से गुजरते वाहन चालक।

## जमकर बरसे बदरा, कैथल के बाजार बने स्वीमिंग पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में पिछले तीन से उमस गर्मी की मार झेल रहे लोगों को बुधवार शाम को हुई बरसात से राहत दिलाने का काम किया है। करीब एक घंटा तक चली मूसलाधार बरसात के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया। शहर की सड़कों व गलियों में पानी जमा हो गया। बारिश होने के बाद अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भी कमी दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान फिर से 37 डिग्री के करीब पहुंचा तो वहीं न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री के पास दर्ज किया गया। करीब एक घंटे के बाद बारिश होने के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली।

तेज बारिश के चलते शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव भी हो गया। जलभराव के कारण वाहन चालकों सहित अन्य राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार यह बारिश खेतों में धान की फसल के लिए बारिश फायदेमंद रहेगी। वहीं अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है। जैसे ही मूसलाधार बरसात शुरू हुई तो कैथल का मेन बाजार, सर्राफा बाजार पूरी तरह से नदी में तबदील हो गए। यहां पर गलियों में करीब डेढ से दो फीट तक पानी चला।

### 2 दिन बारिश की संभावना

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि इस समय बारिश से धान की फसल बेहतर होगी। बारिश से शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव से पैदल चलने में परेशानी हुई। मेन बाजार में कीचड़ हो जाता हैं। बारिश के बाद लगातार हो रही तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार दो दिन बारिश की संभावना बताई हैं।

## गांव मांडी सदरां के आंगनवाड़ी केंद्र में गोद भराई रस्म का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए सुपरवाइजर अंजलि।

मंगलवार को गांव मांडी सदराँ स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई की रस्म निभाई गई, साथ ही उन्हें संतुलित आहार, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से जुड़ी अहम जानकारियां दी गईं। यह आयोजन आंगनवाड़ी वर्कर कोमल रानी के केंद्र पर किया गया, जहां क्षेत्र की सुपरवाइजर अंजली ने विशेष रूप से भाग लिया और महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला को अपने खान-पान में विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि गर्भस्थ शिशु का पूर्ण विकास हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि बराबरी का अधिकार दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को मानसिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाना था, जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर दो गर्भवती महिला परमजीत कौर और राजेन्द्र कौर की पारंपरिक तरीके से गोद भराई की रस्म की गई। कार्यक्रम के दौरान इन महिलाओं को फूलों की माला पहनाकर, उपहार देकर और फल आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। सुपरवाइजर अंजली ने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण महिलाओं को न केवल भावनात्मक रूप से सशक्त करते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं को समझने का भी मौका देते हैं। उन्होंने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करवाएं।



### खेतो में बिजली कट, पॉवर हाउस पहुंचे किसान

**राजौंद।** खेतो में बिजली न आने से परेशान किसानों पावर हाऊस पहुंचकर जमकर रोष जताया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसानों को समझाया और इस बारे निगम के कर्मचारियों अधिकारियों से बात करवाने को कहा। विद्युत प्रसारण निगम कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता साहब ने आश्वासन दिया कि उनको लाइट शैडयूल्ड अनुसार दी जाएगी जो तारे जर्जर हो चुकी है।उन्हें शीघ्र बदलवा दिया जाएगा। किसानों को कोई भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस बारे किसान अनील, संदीप,कपिल,पंकज कुमार,रामेश्वर,काला, सरदार कर्म सिंह ने बताया पिछले पांच दिनों से खेतों की बिजली नहीं आ रही। जिससे खेतों में रोपाई की गई धान की फसल भी सिंचाई के लिए सूख रही है। इतना ही नहीं धान रोपाई का कार्य भी अधर में लटका हुआ है। जिससे किसान और मजदूर दोनों विवश हो चुके है। बिजली निगम द्वारा बनाए गए नॉर्म्स के तहत जो टाइम दिया गया है वह भी पूरा नहीं मिल रहा। किसानों ने बताया कि जो लाइन की तारे लगाई गई है वह जर्जर हो चुकी हैं कभी भी टूट कर वह गिर जाती है जिससे उनका बिजली का टाइम भी ऐसे व्यर्थ में चला जाता है। उन्होंने बताया कि माजरा लाइन पर काफी ओवरलोड होने के कारण यह समस्या बन रही है। लेकिन विभाग को बार-बार कहने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं हो रहा। जिससे उनकी फसल सूखने के कगार पर पहुंच चुकी है।

## जल्द जारी होंगे अनुबंधित कर्मियों के सर्विस रूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग नरवाना सब डिवीजन प्रांगण में जिलाध्यक्ष अध्यक्ष लोकेश भ्याण की अध्यक्षता में हुई। मंच का संचालन जिला सचिव महेंद्र शर्मा ने किया। प्रदेश सचिव सुभाष शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचकूला के मोरनी हिल्स में प्रदेश कार्य समिति की मीटिंग में विस्तार से संगठन की चर्चा एसओपी पर हुई। सर्विस एक्ट 2024 के बारे में कर्मचारियों को विस्तार से बताया ओर कहा कि आपके सर्विस रुल जल्द ही जारी होंगे और सभी साथियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। जिला अध्यक्ष लोकेश भ्याण ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 15 अगस्त 2024 को जॉब सिक्योरिटी एक्ट लागू करने की घोषणा की थी लेकिन आज तक उसको धरातल पर लागू नही किया है। जिसके कारण हर एक कर्मचारी में रोष है।इसके लिए अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने 28 और 29 जून को प्रदेश कार्य समिति मीटिंग के बाद आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। 18 जुलाई को तीनों कंपनी के एमडी ऑफिस पंचकूला में संगठन प्रदर्शन करेगा। 21 जुलाई को हिसार डीएचबीवीएन के एमडी ऑफिस विद्युत सदन हिसार में जोरदार रोष प्रदर्शन किया जाएगा। पूरी ताकत से आंदोलन को सफल बनाने के लिए हर डिवीजन स्तर पर जिला कार्यकारिणी मीटिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जींद डिवीजन और सफीदों डिवीजन में बैठकें आयोजित की जाएंगी। हिसार विद्युत सदन 21 जुलाई को जिला जींद से भारी संख्या में अनुबंधित कर्मचारी प्रदर्शन में पहुंचेंगे।

### एसडीएम ने किया 4 गांवों के स्कूलों का निरीक्षण

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने बुधवार को उपमंडल के गांव मोहलखेड़ा सुरजाखेड़ा, बेलरखा तथा अंबरसर का दौरा किया और इन सभी गांवो के स्कूलों का विशेष रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्कूल स्टाफ और संबंधित ग्राम पंचायत को अपने.अपने गांवो में सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखने की हिदायत दी। गांवो में साफ सफाई के साथ.साथ स्कूलों में विशेष ध्यान रखने के लिए सभी सरपंचों को निर्देश दिए। प्रत्येक गांवो के स्कूल में सभी क्लास रूमए शौचालयों और प्रार्थना शडों का विशेष रूप से मुआयना किया। स्कूलों में बच्चों को दिया जा रहा मिड डे मील को भी बारीकी से देखा। बरसाती सीजन के मध्येनजर स्कूलों में उपलब्ध उक्त तमाम व्यवस्थाएं गुणवत्ता पूर्वक रहनी चाहिए। बच्चों को परोसा जाने वाला भोजन उत्तम क्वालिटी का हो तथा पूर्ण रूप से पौष्टिक भी हो। इस मामले में कोई भी अनियमित बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों के स्वास्थ्य पर मिड डे मील का लेसमात्र भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पडना चाहिए। शौचालयों में सफाई व्यवस्था रहेए सभी क्लास रूम में बैठने की विशेष व्यवस्था होए स्कूल प्रांगण में बरसाती पानी ठहराव ना रहेए बिजली एवं पेयजल आपूर्ति दुरुस्त रहे इन सभी विषयों का स्कूल स्टाफ भी ध्यान रखें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**सम्मान** | 28 जुलाई से 3 अगस्त एथेंस ग्रीसद्ध में होने वाली चैंपियनशिप में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

## शिक्षा भारती स्कूल की छात्रा सारिका नैन का विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयन

*हमीरगढ़ गांव की रहने वाली है सारिका, चयन के बाद स्कूल प्रबंधन ने बेटी को किया सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



शिक्षा भारती मॉडल स्कूल की गौरव सारिका नैन पुत्री कुलदीप गांव हमीरगढ़ ने एक बार फिर अपने विद्यालय और देश का नाम रोशन किया है। अंडर.17 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद सारिका का चयन एथेंस ग्रीसद्ध में 28 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक होने वाली अंडर.17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए हो गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ ;थ्प्द्ध द्वारा आयोजित चयन परीक्षा में सारिका ने महिला वर्ग 53 किलोग्राम भार श्रेणी में अपना स्थान पक्का कर लिया है। विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करना उसके कुश्ती करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना सारिका के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे हमीरगढ़ गांव और शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के लिए गौरव की बात है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने सारिका के विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन पर अत्यधिक हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सारिका का यह चयन हमारे विद्यालय की खेल नीति और उसकी अदम्य इच्छाशक्ति का परिणाम है।

उसे विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़ाने का अवसर मिला है। यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने गर्व से कहा कि सारिका का विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन यह सिद्ध करता है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों में असीम प्रतिभा है। उसने दिखा दिया है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन उसकी विश्व चैंपियनशिप में सफलता के लिए निरंतर सहयोग करता रहेगा। विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण कुमार ने सारिका की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सारिका का विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन हमारे संस्थान के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उसने साबित कर दिया है कि शिक्षा भारती के छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि खेल के क्षेत्र में भी विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

### यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात

यह चयन पूरे हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व की बात है। सारिका की इस सफलता से प्रेरित होकर विद्यालय के अन्य छात्र.छात्राएं भी खेल के क्षेत्र में आगे बढने को प्रोत्साहित हो रहे हैं। यह उपलब्धि दिखाती है कि भारत की युवा शक्ति अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाने के लिए तैयार है। विद्यालय के सचिव सुनील कुमार व संपूर्ण स्टाफ ने सारिका को उसकी इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वह विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक जीतेगी। सारिका अब विश्व चैंपियनशिप की तैयारी में जुटी हुई है और निरंतर अभ्यास कर रही है। एथेंस में होने वाली यह चैंपियनशिप भारतीय कुश्ती के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।